कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8 **MTT–052**

# अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

# ( पी. जी. डी. टी. ) ( संशोधित )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## एम. टी. टी.-052 : अनुवाद : प्रक्रिया और प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) भाग–I में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **750** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।*

*(ii) भाग–II में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### भाग—I

***नोट :*** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **750** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। 3×20=60

1. 'अनुवाद की प्रविधियाँ' से आप क्या समझते हैं ? अनुवाद की विभिन्न प्रविधियों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 20



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

2. कोश निर्माण की प्रक्रिया में कम्प्यूटर की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 20

3. निम्नलिखित पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2×10=20

   (क) सारानुवाद का प्रयोग-क्षेत्र

   (ख) रूपांतरण : मूल सृजन अथवा कृत्रिम कार्य-व्यापार

4. पुनरीक्षण क्या है ? पुनरीक्षण की प्रक्रिया का विवेचन कीजिए। 20

5. निम्नलिखित पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2×10=20

   (क) लिप्यंकन और लिप्यंतरण में अंतरण

   (ख) अनुवाद प्रक्रिया में अनुवादक की भूमिका

**भाग—II**

6. निम्नलिखित शब्दों को हिंदी वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करके लिखिए : 5

   (क) जिज्ञासा

   (ख) जगमगाहट

   (ग) ज्योतिष



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(घ) जागरण

(ङ) जँभाई

(च) ज्वलंत

(छ) जाँच

(ज) जंक्शन

(झ) जन्मदाता

(ञ) ज़खीरा

7. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** का रोमन/देवनागरी में लिप्यंतरण कीजिए : 5

(क) ज्ञान

(ख) अज़रबैजान

(ग) धृष्टता

(घ) प्रतिद्वंद्व

(ङ) calendar

(च) bunch

(छ) entertainment

(ज) pneuma



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

8. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

Over 90% of rural children in the 14-18 years' age group have a smartphone in their home (as compared to 73% in 2017) and are on social media, according to the Annual Status of Education Report (ASER) 2023 released on Wednesday. The survey conducted in 28 rural districts across 26 states also set out to explore post-Covid digital awareness scenario among the rural children of this group. It found a significant gap across gender in accessibility to digital devices. Of those who can use smartphones or have access to them, males (43.7%) are twice more than females (19.8%). The survey explored two components – access of children to digital devices and their online habits and an assessment of their digital skills – performing a set of tasks in front of the survey team using an available smartphone. On communication and online safety, the survey found that nearly half of all surveyed males have an e-mail ID, compared to 30% among females. "Of all children who used social media, only about half are familiar with the online safety settings that were included in the survey," the report said.



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

9. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

वाहनों के धुएँ से होने वाले प्रदूषण से पूरा देश परेशान है। सबसे ज्यादा परेशानी ऐसे वाहनों से है जो मानकों का पालन किए बिना सड़क पर दौड़ रहे हैं और वातावरण को अधिक प्रदूषित करते हैं। सड़क पर प्रत्येक वाहन की जाँच करना परिवहन अधिकारियों के सामने चुनौती होती है। इसे ध्यान में रखते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर का नवाचार इस प्रकार के वाहनों और उनके चालकों पर लगाम लगा सकता है। संस्थान के प्रोफेसर ने अपनी टीम के साथ एक ऐसा उपकरण (डिवाइस) तैयार किया है जो गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण का पता लगाकर नंबर प्लेट रीडिंग से तत्काल रिपोर्ट 'क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय' और 'प्रदूषण नियंत्रण विभाग' को भेज देगा। मैकेनिकल इंजीनियरी विभाग की टीम के द्वारा तैयार इस उपकरण को चौराहों पर लगाया जाएगा। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

किस क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों की संख्या कितनी है। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तैयार किया गया यह उपकरण रियल टाइम में गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषण का पता लगाकर गाड़ी की नंबर प्लेट के साथ पूरी जानकारी देगा।

10. नीचे दिए गए मूल अंग्रेजी पाठ और उसके हिंदी अनुवाद को सावधानी से पढ़िए और अनूदित पाठ का पुनरीक्षण कीजिए : 10

**मूल** : A National Green Tribunal (NGT) bench recently said that beginning this year, the immersion of idols in water bodies in Chennai during Vinayaka Chaturthi celebrations can be done only after a fee is paid. The fee will be used to clean the water bodies. The bench termed it as application of 'Polluter Pays Principle' (PPP). PPP is the basis for environmental laws across the world. It's a check on the tendency to pass on pollution costs to the rest of society and ensures that costs are borne by just polluters. In India's environmental jurisprudence, a case decided by Supreme Court in 1996, carved out principles of



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

compensation. Vellor Citizens Forum had approached the judiciary seeking protection from release of effluents by tanneries that damaged agricultural land polluted water bodies. Supreme Court relied on precautionary principle and polluter pays approach to decide the case. 'Polluter pays principle' is universally applied. It is based on common sense approach that costs of cleaning up and compensation must be borne by polluting entity.

**अनुवाद :** राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एन.जी.टी.) की अध्ययन-पीठ ने कहा कि इस साल की शुरुआत में विनायक चतुर्थी समारोह के दौरान चेन्नई में जल शरीरों में मूर्ति–विसर्जन शुल्क अदा करने के बाद ही किया जाए। शुल्क का जल शरीरों को स्वच्छ करने के लिए उपयोग करे। पीठ इसे 'प्रदूषणकर्ता शुल्क-भुगतान सिद्धांत' (पी.पी.पी.) का आवेदन कहती है। पी.पी.पी. दुनिया भर में पर्यावरण विधियों का मूल है। यह प्रदूषण की कीमत को समाज के लोगों पर डालने की अभिवृत्ति पर रोक लगाती है और निश्चित करती है कि लागत केवल प्रदूषणकर्ताओं को दी जाए। भारत के पर्यावरण



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

न्यायशास्त्र में, 28 साल पहले 1996 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए एक मामले में मुआवजे के सिद्धांत बनाए गए थे। वेल्लोर नागरिक मंच ने कृषि भूमि को दूषित करने वाले शरीरों को हानि पहुँचाने वाले टेनरियों के अपशिष्टों की सुरक्षा की मांग करते हुए न्यायपालिका को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला करने के लिए एहतियाती सिद्धांत और प्रदूषणकर्ता शुल्क–भुगतान दृष्टि पर भरोसा दिया। एहतियाती सिद्धांत की व्याख्या पर्यावरणीय क्षरण की आशंका और रोकथाम के लिए वैधानिक निकायों की आवश्यकता के रूप में की गई थी। प्रदूषणकर्ता भुगतान सिद्धांत सार्वभौम लागू होता है। यह सामान्य ज्ञान दृष्टि पर आधारित है कि सफाई और मुआवजे की लागत प्रदूषण फैलाने वाली एकक द्वारा की जानी चाहिए।

× × × × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com